Series : MK1LN

**SET-3**

प्रश्न-पत्र कोड **4/1/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

( )

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

***निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :***

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **चार** खंड हैं – **क, ख, ग** और **घ**।*

(iii) ***खंड – क*** *में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न हैं।*

(iv) ***खंड – ख*** *में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न हैं।*

(v) ***खंड – ग*** *में पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न हैं।*

(vi) ***खंड – घ*** *में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न हैं।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि कुछ खंडों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

(viii) *दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

(ix) *यथासंभव सभी खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खंड 'क'
## (अपठित बोध) 14

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

गहराते जलवायु संकट के कारण धरती का तापमान न केवल बढ़ रहा है बल्कि गर्म दिनों की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। तापमान बढ़ने से मानव के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है क्योंकि गरमी शरीर व दिमाग को बहुत पीड़ा देती है। शरीर में पानी की कमी से रक्त-वाहिकाओं पर गरमी का दबाव बढ़ जाता है, जिससे थक्के जमने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है और मस्तिष्क आघात व दिल का दौरा पड़ता है। गुरदे (किडनी) में रक्त का प्रवाह कम होने से गुरदा (किडनी) शिथिल या खराब हो सकता है। मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य विकार बढ़ सकते हैं।

शिशु और छोटे बच्चे वयस्कों की तुलना में ज्यादा असुरक्षित होते हैं क्योंकि उनके शरीर में पानी की मात्रा अधिक होती है और शारीरिक प्रणालियाँ प्रभावी ताप अनुकूलन के लिए तीव्र प्रतिक्रिया को सक्षम करने को पर्याप्त परिपक्व नहीं होती है। अत्यधिक गरमी में बुजुर्ग भी काफी असुरक्षित रहते हैं।

हाल के वर्षों में जलवायु संकट से निपटने की ओर वैश्विक स्तर पर ध्यान जाने लगा है और लोग सावधान होने लगे हैं। वर्ष 2015 से लेकर वर्ष 2023 तक के कॉप सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए राष्ट्रीय क्षमताओं को मजबूत करने की जरूरत को रेखांकित किया गया। गरमी में लू से बचाव के लिए व्यक्तिगत, घरेलू, स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास होने चाहिए। सीधे सूरज के नीचे या संपर्क में आने से बचना चाहिए। ढीले-ढाले, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने चाहिए। सिर को टोपी और आँखों को धूप के चश्मे से बचाना समझदारी है। इन सामान्य सावधानियों के प्रति उदासीन रहने से स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडराने लगता है। तरल पदार्थों विशेषकर पानी का सेवन बढ़ाना चाहिए। घर में और उसके आसपास हरे-भरे क्षेत्रों को बढ़ावा देना चाहिए। बढ़ती गरमी से बचना एक सामूहिक नागरिक जिम्मेदारी है। गाँव हो या शहर, बचाव के तमाम उपाय मिलकर करने चाहिए।

**(i)** गरमियों में लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडराने लगता है, जब वे : **1**

(A) शारीरिक परिश्रम से बचने लगते हैं।

(B) खान-पान के प्रति लापरवाही बरतने लगते हैं।

(C) स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति उदासीनता दिखाने लगते हैं।

(D) स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए कठोर परिश्रम करने लगते हैं।

**(ii)** गद्यांश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(I) पानी की कमी से शरीर में रक्त-प्रवाह कम होने से शारीरिक अंगों की कार्य-संचालन क्षमता प्रभावित होती है।

(II) बढ़ता तापमान मानसिक विकारों को जन्म देता है।

(III) गरमी के प्रभाव से बचने के लिए तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए।

**विकल्प :**

(A) (I) और (III) सही हैं।

(B) (I) और (II) सही हैं।

(C) (II) और (III) सही हैं।

(D) (I), (II) और (III), तीनों सही हैं।

**(iii)** निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कर लिखिए : **1**

**कथन :** शिशु और छोटे बच्चे गरमी में वयस्कों की तुलना में ज्यादा असुरक्षित रहते हैं।

**कारण :** उनकी शारीरिक प्रणालियाँ ताप अनुकूलन प्रक्रिया के लिए परिपक्व नहीं हो पातीं।

**विकल्प :**

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(B) कारण सही है लेकिन कथन गलत है।

(C) कथन सही है लेकिन कारण कथन की गलत व्याख्या करता है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) 'लू' से आप क्या समझते हैं ? इससे बचने की सलाह क्यों दी जाती है ? 2

(v) बढ़ते तापमान को नियंत्रित रखने के लिए किन्हीं **दो** उपायों को लिखिए। 2

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

मन कल्पनाशील है, इसलिए सुंदर सतरंगी कल्पनाएँ बनाकर लुभाता है, मगर सच का अनुभव करना हो तो कल्पना के आसमान से उतरकर सच के धरातल पर आना पड़ता है। काँटे, यानी जो भी दुखद है, जो भी नकारात्मक है, उसका स्वीकार। लेकिन उन्हें तो हम अपने भीतर कहीं गहरे दबा देते हैं, उनसे बचना चाहते हैं। जीवन को अच्छे और बुरे में बाँटकर हमने खुद के साथ बड़ा अन्याय किया है। जिन्दगी आदमी की सतरंगी कल्पनाओं के सहारे नहीं चलती, उसके अपने नियम हैं, जो बिल्कुल वैज्ञानिक हैं। हमारा पूरा अस्तित्व बना तरंगों से; यह ऊर्जा का महासागर है और ऊर्जाएँ स्वभावतः एक दूसरे के विपरीत और परिपूरक होती हैं। जो विपरीत दिखाई देता है, वह दूसरे को सहारा देता है। दो विपरीत एक दूसरे को सँभालते हैं।

अगर आप चाहते हैं कि सच में आपके जीवन का फूल खिले, तो काँटों से दूर रहने की आदत छोड़ दें। ज्योति अंधेरे में ही जगमगाती है। पत्थर पर जब छेनी चलती है, तभी तो मूर्तियाँ निर्मित होती हैं। अगर पत्थर कह दे कि नहीं, छेनी मुझे बर्दाश्त नहीं, मुझे काटो मत। मैं जैसा हूँ, मुझे वैसा ही रहने दो; तो अनगढ़ ही रह जाएगा। छेनी की चोट सहना उसके लिए जरूरी है। लोग काँटों से इसलिए बचते हैं कि उनके छिदने पर जो दुख होता है, उसकी पीड़ा सहने की उनमें शक्ति नहीं है। काँटों से निबाह करना काफी नहीं है, काँटों से उतना ही प्रेम करना होगा, जितना फूलों से। अगर आपने काँटों से प्रेम न किया, तो आप प्लास्टिक के फूल ही खरीद लाएँगे, क्योंकि उनमें काँटे नहीं होते।

जिंदगी के दोहरे रूप को भली-भाँति पहचानिए। अगर आपने जिद की कि हम तो एक को ही पकड़कर जिएँगे, तो आपको यह भी मानना होगा कि आप एक ही पैर से, एक ही पतवार से अपनी नाव खे लेंगे। जब आप एक ही पतवार से नाव को खेओगे तो वह गोल-गोल चक्कर लगाने लगेगी। ऐसी ही जिंदगी है। दोनों पतवारों से खेकर ही इसे किनारे पहुँचाया जा सकता है।

(i) 'ज्योति अंधेरे में ही जगमगाती है' – का गद्यांश के संदर्भ में आशय है : **1**

(A) प्रकाश का भान अंधकार में ही होता है।

(B) अंधेरे के कारण ही प्रकाश का महत्त्व है।

(C) कष्टों के बाद ही सुख का अनुभव होता है।

(D) अंधेरे में रहने वाले ही प्रकाश का मोल समझते हैं।

**(ii)** **कॉलम – I** को **कॉलम – II** से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **कॉलम – I** | **कॉलम – II** |
|---|---|
| I. पत्थर | (i) कष्ट |
| II. छेनी | (ii) मानव-जीवन |
| III. मूर्ति | (iii) सफलता |

**विकल्प :**

(A) I (i), II (iii), III (ii)

(B) I (ii), II (iii), III (i)

(C) I (ii), II (i), III (iii)

(D) I (iii), II (ii), III (i)

**(iii)** पत्थर, छेनी और मूर्ति का उदाहरण यहाँ किस उद्देश्य से दिया गया है ? **1**

(A) मूर्ति निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु

(B) जीवन निखारने के लिए कष्टों का महत्त्व समझाने हेतु

(C) पत्थर की अनगढ़ता से परिचित कराने हेतु

(D) पत्थर, छेनी और मूर्ति की अन्योन्याश्रयिता को समझाने हेतु

**(iv)** 'जीवन का फूल खिलने' से क्या अभिप्राय है ? **2**

**(v)** 'जिंदगी की नाव दोनों पतवारों से चलती है' कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए। **2**

## खंड 'ख'

### (व्यावहारिक व्याकरण) 16

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×1 = 4

   **(i)** वह भूरे रंग का पुराना जूता पहने था।
   (वाक्य में से पदबंध छाँटकर लिखिए और उसका भेद भी लिखिए)

   **(ii)** बड़ों से सम्मान और आदर से बोलना चाहिए। (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए)

   **(iii)** उसकी हँसी बड़ी कोमल और मीठी थी। (वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए)

   **(iv)** किसी भी वाक्य में सर्वनाम पदबंध की पहचान कैसे की जा सकती है। उदाहरण सहित लिखिए।

   **(v)** लहरों के एक प्रबल वेग ने उसकी तंद्रा भंग कर दी। (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×1 = 4

   **(i)** यहाँ बहुत सर्दी पड़ने लगी है फिर भी मैं तुम्हारा काम कर दूँगी।
   (रचना की दृष्टि से वाक्य भेद लिखिए)

   **(ii)** तलवार की मूठ में एक बड़ा-सा लाल जड़ा हुआ था।
   (मिश्र वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए)

   **(iii)** जब हवा चलती है, तो पेड़ प्रसन्न होकर झूमने लगते हैं।
   (सरल वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए)

   **(iv)** मिश्र वाक्य की क्या पहचान है ? उदाहरण सहित लिखिए।

   **(v)** टूटे-फूटे मकान के समीप पहुँचकर उसने भीतर की ओर झाँका।
   (संयुक्त वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए)

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×1 = 4

   **(i)** अव्ययीभाव समास की क्या पहचान है ? उदाहरण सहित लिखिए।

(ii) 'विद्याहीन' सामासिक पद का विग्रह करते हुए उसका भेद भी लिखिए।

(iii) 'सतसई' पद द्विगु समास का उदाहरण है, कैसे ?

(iv) 'पीतांबर' शब्द का कर्मधारय समास में विग्रह करके लिखिए।

(v) हमारे विद्यालय में छात्रों के लिए आवास की सुविधा है।
(रेखांकित पदों से एक समस्तपद बनाकर लिखिए)

**6.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4×1 = 4**

(i) दैव न करे, आज मैं बीमार हो जाऊँ, तो तुम्हारे ___________ जाएँगे।
(उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

(ii) मुझे उनके ___________ झिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा।
(उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

(iii) खानाबदोश जातियाँ प्रायः डेरा डालकर यहाँ–वहाँ रहती थीं।
(वाक्य में से मुहावरा चुनकर किसी अन्य वाक्य में प्रयोग कीजिए)

(iv) 'दाँत खट्टे करना' मुहावरे के अर्थ को व्यंजित करने वाला कोई अन्य मुहावरा लिखिए।

(v) 'अक्ल का अंधा' और 'अक्ल चरने जाना' मुहावरों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

## खंड 'ग'

## (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक) **28**

**7.** पूरक पाठ्यपुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40–50** शब्दों में लिखिए : **2×3 = 6**

(i) 'हरिहर काका' कहानी के माध्यम से लेखक ने पारिवारिक जीवन में बढ़ती स्वार्थपरता को उजागर किया है। सिद्ध कीजिए।

(ii) क्या 'टोपी शुक्ला' कहानी बाल–मनोविज्ञान पर आधारित है ? तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए।

(iii) 'परचूनिये, आढ़तीये भी अपने बच्चों को स्कूल भेजना ज़रूरी न समझते।' – 'सपनों के से दिन' पाठ से उद्धृत प्रस्तुत पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि तत्कालीन समय में शिक्षा के प्रति लोगों का क्या दृष्टिकोण था और इसका क्या कारण हो सकता है ?

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कर लिखिए : **5×1 = 5**

स्याम म्हाने चाकर राखो जी,
गिरधारी लाला म्हाने चाकर राखो जी।
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ।
बिन्दरावन री कुंज गली में, गोविन्द लीला गास्यूँ।
चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमरण पास्यूँ खरची।
भाव भगती जागीरी पास्यूँ, तीनूं बाताँ सरसी।
मोर मुगट पीताम्बर सौहे, गल वैजन्ती माला।
बिन्दरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला।
ऊँचा ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ पहर कुसुम्बी साड़ी।

(i) 'मीरा श्रीकृष्ण की चाकरी करना चाहती है'– इस कथन के पक्ष में उचित कारण है :

(A) उनका नाम–स्मरण करना चाहती है।

(B) उनके दैनिक कार्यों में हाथ बँटाना चाहती है।

(C) उनके दर्शनों का लाभ उठाना चाहती है।

(D) उनके लिए बाग–बगीचे लगाना चाहती है।

(ii) काव्यांश के आधार पर प्रभु सेवा में समर्पित मीरा सामंजस्य स्थापित करती हैं :

(A) त्याग, भक्ति और विनय का

(B) दर्शन, स्मरण और भक्ति का

(C) प्रेम, उपालंभ और दर्शन का

(D) सम्मान, प्रेम और भक्ति का

(iii) श्रीकृष्ण का सामीप्य पाने के लिए मीरा द्वारा कौन-सा कार्य **नहीं** किए जाने की बात कही गई ?

(A) कृष्ण का गुणगान करते हुए धेनु चराना

(B) कृष्ण की चाकरी करने को तैयार रहना

(C) उनके लिए ऊँचे-ऊँचे महल बनवाना

(D) उनके पसंदीदा वस्त्र धारण करना

(iv) श्रीकृष्ण की चाकरी में मीरा को जेब खर्च के रूप में क्या प्राप्त होगा ?

(A) कृष्ण के दर्शन

(B) नाम-स्मरण

(C) भाव रूपी भक्ति

(D) वृंदावन में रहना

(v) दिए गए काव्यांश के मूल भाव को व्यक्त करने वाला/वाले कथन है/हैं :

(I) श्रीकृष्ण के भक्तवत्सल रूप का वर्णन किया गया है।

(II) मीरा ने श्रीकृष्ण से अपनी सहायता करने का आग्रह किया है।

(III) श्रीकृष्ण के सान्निध्य के लिए मीरा उनकी सेविका बनने के लिए भी तैयार है।

(IV) श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन किया गया है।

**विकल्प :**

(A) (I) और (III) सही हैं।

(B) केवल (III) सही है।

(C) (I) और (II) सही हैं।

(D) (III) और (IV) सही हैं।

9. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25–30** शब्दों में लिखिए : **3×2 = 6**

**(i)** सुख-दुख के विषय में कबीर और सांसारिक मनुष्यों के दृष्टिकोण में क्या अंतर है ? 'साखी' कविता के आधार पर लिखिए।

**(ii)** 'मनुष्यता' कविता में कवि मनुष्य को मृत्यु से भयभीत न होने की सलाह क्यों दे रहा है ?

**(iii)** आपकी पाठ्यपुस्तक की किस कविता में प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन किया गया है ? उस कविता में वर्णित प्रकृति के कोमल रूप का वर्णन कीजिए।

**(iv)** 'तोप' कविता के माध्यम से कवि ने हमें देशभक्ति का कौन-सा पाठ पढ़ाया है ? स्पष्ट कीजिए।

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1 = 5**

**लेफ़्टीनेंट :** हफ़्तों हो गए यहाँ खेमा डाले हुए। सिपाही भी तंग आ गए हैं। ये वज़ीर अली आदमी है या भूत, हाथ ही नहीं लगता।

**कर्नल :** उसके अफ़साने सुन के रॉबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं। अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ उसके दिल में किस क़दर नफ़रत है। कोई पाँच महीने हुकूमत की होगी। मगर इस पाँच महीने में वो अवध के दरबार को अंग्रेज़ी असर से बिल्कुल पाक कर देने में तक़रीबन कामयाब हो गया था।

**लेफ़्टीनेंट :** कर्नल कालिंज ये सआदत अली कौन है ?

**कर्नल :** आसिफ़उद्दौला का भाई है। वज़ीर अली का और उसका दुश्मन। असल में नवाब आसिफ़उद्दौला के यहाँ लड़के की कोई उम्मीद नहीं थी। वज़ीर अली की पैदाइश को सआदत अली ने अपनी मौत ख़याल किया।

**लेफ़्टीनेंट** : मगर सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने में क्या मसलेहत थी ?

**कर्नल** : सआदत अली हमारा दोस्त है और बहुत ऐश–पसंद आदमी है इसलिए हमें अपनी आधी मुमलिकत (ज़ायदाद, दौलत) दे दी और दस लाख रुपये नगद। अब वो भी मज़े करता है और हम भी।

**(i)** 'वज़ीर अली आदमी है या भूत'– वज़ीर अली के लिए लेफ़्टीनेंट ने ऐसा क्यों कहा ?

(A) उसकी अदृश्यता के कारण

(B) उसके पकड़ में न आने के कारण

(C) उससे भयभीत होने के कारण

(D) उसकी असीमित शक्ति के कारण

**(ii)** वज़ीर अली और रॉबिनहुड में क्या समानता थी ? इस प्रश्न के उत्तर में उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

(I) दोनों ही अंग्रेज़ों के दुश्मन थे।

(II) दोनों ही वीर और जाँबाज़ थे।

(III) दोनों ही अपना तख़्त पाना चाहते थे।

(IV) दोनों ही किसी की पकड़ में नहीं आते थे।

**विकल्प** :

(A) (I) और (III)

(B) (II) और (IV)

(C) (I) , (II) और (IV)

(D) (I) और (IV)

**(iii)** निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए :

**कथन :** वज़ीर अली की पैदाइश को सआदत अली ने अपनी मौत ख़याल किया।

**कारण :** वज़ीर अली की पैदाइश के कारण अवध का तख़्त पाने का उसका ख़्वाब धूमिल हो रहा था।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(B) कारण सही है लेकिन कथन गलत है।

(C) कथन सही है लेकिन कारण कथन की गलत व्याख्या करता है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

**(iv)** गद्यांश में प्रयुक्त 'मसलेहत' शब्द का अर्थ है :

(A) दुविधा

(B) रहस्य

(C) दिक्कत

(D) लालच

**(v)** अंग्रेज़ों ने सआदत अली को तख़्त पर क्यों बैठाया ?

(A) सआदत अली अंग्रेज़ों का घनिष्ठ मित्र था।

(B) राज्य-संचालन के कार्य में कुशल था।

(C) उसके माध्यम से अवध पर कब्ज़ा जमाना चाहते थे।

(D) ऐश-पसंद और अंग्रेज़ों का भरोसेमंद आदमी था।

**11.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3×2 = 6**

**(i)** 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित सिद्ध कीजिए कि जीवन की समस्याओं को सुलझाने के लिए व्यावहारिक बुद्धि और अनुभव की आवश्यकता होती है।

(ii) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में कौंसिल द्वारा क्या नोटिस निकाला गया और उसका क्या उद्देश्य था ?

(iii) 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ में लकड़ी की तलवार द्वारा धरती का सीना चीरने के प्रसंग का उल्लेख किस उद्देश्य से किया गया है ?

(iv) शंकर जयकिशन द्वारा आग्रह करने पर भी शैलेंद्र का गीत के बोलों में बदलाव के लिए तैयार न होना, उनके चरित्र की किस विशेषता को दर्शाता है ? 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर लिखिए।

## खंड 'घ'
## (रचनात्मक लेखन) 22

**12.** निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **5**

(i) ई-रिक्शा : पारंपरिक रिक्शा का आधुनिक रूप

- आवागमन का सस्ता साधन
- लाभ-हानि
- ट्रैफिक नियमों की बाध्यता अनिवार्य

(ii) आत्मविश्वास

- आत्मविश्वास क्या है ?
- आत्मविश्वास से लाभ
- आत्मविश्वास का महत्त्व

(iii) बिस्तर पर बीमारी का एक दिन

- बीमार अवस्था में लेटे रहने का अनुभव
- घरवालों द्वारा की जाने वाली देखभाल
- शीघ्र ठीक होने की इच्छा

**13.** निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में एक सूचना लिखिए :

**(i)** आपका नाम रोशन /रोशनी है। आप अपने विद्यालय में 'पर्यावरण (इको) क्लब' के अध्यक्ष/अध्यक्षा हैं। 'पर्यावरण दिवस' के अवसर पर आप विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहते हैं। पर्यावरण (इको) क्लब के सभी सदस्यों को इस संदर्भ में एकत्रित होने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

**(ii)** आपका नाम रोशन/रोशनी है। आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं। भूकंप (प्राकृतिक आपदा) से बचाव हेतु विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। छात्रों को इसकी जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए। **4**

**14.** निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए :

**(i)** आपका नाम बिमल/बिमला है। अपने क्षेत्र में प्राथमिक उपचार केंद्र खुलवाने का निवेदन करते हुए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

**(ii)** आपका नाम बिमल/बिमला है। आपके पिताजी का स्थानांतरण दूसरे शहर में हो गया है, अतः वह अपना वर्तमान बैंक खाता वहाँ स्थानांतरित करवाना चाहते हैं। इस संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने हेतु बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए। **5**

15. (i) 'सबसे बड़ा कौन' विषय पर लगभग **100** शब्दों में लघुकथा लिखिए। **5**

**अथवा**

(ii) पुस्तकालय अध्यक्षा/अध्यक्ष तनुजा/तनुज की ओर से विद्यालय के पुस्तकालय के लिए कुछ पुस्तकें मँगवाने हेतु 'अ ब स पुस्तक भंडार', दिल्ली को लगभग **80** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। **5**

16. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **40** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए :

(i) 'अ ब स मैदान' में आयोजित पुस्तक मेले के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसमें विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क प्रवेश का प्रावधान रखा गया है। **3**

**अथवा**

(ii) विद्यालय के परिसर में आयोजित होने वाले बाल-मेले की जानकारी क्षेत्रवासियों तक पहुँचाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3**